दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 28

महत्वपूर्ण एवं खास

औद्योगिक शराब उत्पादन पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति को नहीं छीना जा सकता, सुप्रीमकोर्ट ने पुराने फैसले को पलटा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने औद्योगिक शराब के उत्पादन को लेकर फैसला सुनाते हुए केंद्र सरकार को झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ ने 7 जजों की पीठ का फैसला पलटते हुए कहा कि औद्योगिक शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति को नहीं छीना जा सकता। पीठ ने कहा कि केंद्र के पास औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन पर विनियामक शक्ति का अभाव है। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 8:1 के बहुमत से दिया है। बता दें कि साल 1997 में सात जजों की पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन को विनियमित करने का अधिकार दिया था। साल 2010 में इस मामले को नौ जजों की पीठ के पास समीक्षा के लिए भेजा गया। नौ जजों की पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि 'औद्योगिक एल्कोहल मानव उपभोग के लिए नहीं है।' पीठ ने कहा कि 'संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची की प्रविष्टि 8, राज्यों को मादक मदिरा के निर्माण, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने का अधिकार देती है।' वहीं केंद्र सरकार के अधिकार वाले उद्योगों की सूची संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में दी गई है। समवर्ती सूची के विषयों पर केंद्र और राज्य विधानमंडल, दोनों को कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन केंद्रीय कानून को राज्य के कानून पर प्राथमिकता देने का प्रावधान है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई,एआईएडीएमके के पूर्व मंत्री के परिसर पर की छापेमारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एआईएडीएमके के पूर्व मंत्री वैथियलिंगम समेत कई अन्य के परिसर पर छापेमारी की है। यह छापेमारी चेन्नई समेत चार अलग-अलग शहरों में की गई। बता दें कि वैथियलिंगम को पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम का करीबी माना जाता है। ईडी की यह जांच चेन्नई मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण के कार्यों के लिए मंजूरी देने में कथित लेन-देन से संबंधित है। उस समय वैथियलिंगम तमिलनाडु आवास विकास मंत्री के रूप में कार्यरत थे। उन्हें 2022 में पूर्व सीएम एडाप्पडी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में परीनसेल्वम के साथ पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने पिछले महीने वैथियलिंगम और उनके बड़े बेटे वी. प्रभु के खिलाफ भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

बाराबंकी में थूककर रोटी बनाता दिखा शख्स, पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। बाराबंकी से थूक कर रोटी बनाते शख्स की वीडियो वायरल हो रही है। वीडियो सामने आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि पूरा मामला बाराबंकी में रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा सुढिय़ामऊ का है। जहां स्थित हाफिज जी होटल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यहां रोटी बनाने वाला शख्स रोटी बनाते वक्त उसमें थूकता दिख रहा है। किसी ने दूर से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो अब वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद इरशाद बाराबंकी में फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नबीनगर मोहल्ले का निवासी है। पुलिस ने अब उसे गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक शख्स पहले रोटी को हाथों से फैलाता है और फिर चुपके से उस पर थूक कर तंदूर में डालता है। इस वीडियो को देखकर स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा भी है। हालांकि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। बाराबंकी के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया, पुलिस ने उस होटल को बंद करा दिया है और पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की बात कर रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी हिसाब से कार्रवाई भी की जाएगी, ताकि पूरे मामले की वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकें। नामी होटल और ढाबे से भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। इसे लेकर ही यूपी की योगी सरकार ने अध्यादेश लाने की बात कही थी। जिसमें कहा गया था कि अब खाने के सामानों में थूकने, मिलावट या फर्जी नेमप्लेट से होटल व ढाबे को संचालित करने वालों पर रोक लगाने के लिए नया अध्यादेश लाया जा रहा है। जिसके बाद उपभोक्ताओं के साथ कोई बेईमानी नहीं की जाएगी और उन्हें हर चीज के बारे में ठीक से बताया जाएगा।

ओड़िशा के तटीय क्षेत्र में चक्रवाती तूफान डाना का खतरा

25 की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप पर मचाएगा तबाही

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के पड़ोसी ओडिशा राज्य के तटवर्ती इलाकों में समुद्री तूफान दाना के आने को लेकर व्यापक सतर्कता बरती जा रही है। मौसम विभाग रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार यह समुद्री तूफान 24 की देर रात से लेकर 25 की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के आसपास लैंडफॉल करेगा।

बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान दाना (दाना के रूप में उच्चारित) पिछले 6 घंटों के दौरान 13 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और आज, 23 अक्टूबर को 1130 बजे 16.7 डिग्री उत्तर अक्षांश और 89.3ए पूर्व देशांतर के पास उसी क्षेत्र में, जो पारादीप (ओडिशा) से लगभग 490 किमी दक्षिण-पूर्व, धमारा (ओडिशा) से 520 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 570 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व पर केंद्रित था। इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढऩे और 24 तारीख की सुबह तक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है और 24 तारीख की रात और 25 अक्टूबर, 2024 की सुबह के दौरान पुरी और सागर द्वीप के बीच भितरकनिका और धमारा (ओडिशा) के करीब उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों को 100-110 किमी प्रति घंटे से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार करने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

ओडिशा के तटीय क्षेत्र में चक्रवाती तूफान डाना का खतरा है। 24 अक्टूबर को चक्रवाती तूफ ान ओडिशा के तट से टकरा सकता है। इसे देखते हुए ओडिशा सरकार ने तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं अब रेलवे ने ओडिशा के पूरी से चलने वाली व वहां पहुंचने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें भी प्रभावित होंगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 24 व 25 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान के पुरी तट से टकराने की चेतावनी दी है। इसके कारण ओडिशा सरकार ने सोमवार को पर्यटकों को एक एडवाइजरी जारी की है। राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने मुख्यमंत्री मोहन चरन माझी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह पुरी में आए पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वो तीर्थ नगरी को जल्द से जल्द छोड़ दें, क्योंकि यह चक्रवाती तूफान से प्रभावित हो सकता है। मंत्री पुजारी ने बताया कि पुरी जिला प्रशासन को भी सलाह दी गई है कि वो मंगलवार से लोगों को पुरी बीच पर आने से रोकें क्योंकि चक्रवात के आने से इस क्षेत्र में व्यापक नुकसान होने की आशंका है।

रद्द रहने वाली गाडिय़ां- (1) गाड़ी संख्या 22865 एलटीटी पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(2) गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(3) गाड़ी संख्या 09060 ब्रह्मपुर सूरत एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(4) गाड़ी संख्या 20824 अजमेर पुरी एक्सप्रेस दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(5) गाड़ी संख्या 22973 गांधीधाम पुरी एक्सप्रेस 22 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(6) गाड़ी संख्या 09059 सूरत ब्रह्मपुर एक्सप्रेस 23 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(7) गाड़ी संख्या 18425 पुरी दुर्ग एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(8) गाड़ी संख्या 20823 पूरी अजमेर एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

(9) गाड़ी संख्या 12844 अहमदाबाद पुरी एक्सप्रेस 26 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरने से मरने वाले लोगों की संख्या पांच हुई

बेंगलुरु | आरएनएस

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार रात को भारी बारिश के कारण एक 7 मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। मंगलवार को हुए हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या पांच हो गई है, और इतने ही लोग घायल बताए जा रहे हैं। जबकि अब तक 13 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बिल्डिंग में बचाव राहत कार्य लगातार जारी है। अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की खबर है।

बेंगलुरू हादसे के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार देर रात घटनास्थल का दौरा किया था और ढह चुकी इमारत में 21 लोगों के दबे होने की बात कही थी।

उन्होंने बताया था कि बचाव अभियान जारी है और तलाशी अभियान के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मलबा हटाने के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल करते समय मलबा अंदर फंसे लोगों पर गिरने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को काम पर लगाया गया है। अग्निशमन बल और आपातकालीन सेवा महानिदेशक टीम के साथ मौके पर हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे बताया गया कि निर्माण पूरी तरह से अवैध था। हम सख्त कार्रवाई करेंगे। हम पूरे बेंगलुरु के लिए एक योजना लेकर आएंगे। हम अवैध रूप से इमारतों के निर्माण को रोकेंगे, चाहे वे कहीं भी हों। मैं इस संबंध में सर्वेक्षण सुनिश्चित करूंगा। मैं रजिस्ट्रार को ऐसी संपत्तियों को पंजीकृत न करने का निर्देश भी दूंगा। यह इमारत 60म40 साइट पर बनी है और अधिकारियों ने मालिक को तीन नोटिस जारी किए हैं। लेकिन, नोटिस देना महत्वपूर्ण नहीं है और कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए थी।

सरकार का बड़ा कदम

अब नया स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल को करेगा ब्लॉक

नई दिल्ली | आरएनएस

भारत सरकार ने एक ऐसा स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम पेश किया है, जो भारतीय फोन नंबरों के रूप में आने वाली इनकमिंग इंटरनेशनल कॉल्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर सकता है। 'इंटरनेशनल इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम' नामक इस सिस्टम को दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पेश किया है।

साइबर अपराधी ठगी के इस तरीके में इंटरनेशनल कॉल को भारत के स्थानीय नंबर (+91-&&&&&&&&) से आने वाले कॉल के रूप में दर्शाते हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के तहत फोन नंबर का डिस्प्ले किया जाना आवश्यक है। साइबर अपराधी कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी में हेर-फेर कर अपने फेक कॉल को भारत से आए कॉल के रूप में दिखाते हैं। जबकि, असल में साइबर अपराधी भारत के बाहर से कॉल कर रहे होते हैं।

विक्टिम का विश्वास भारत के स्थानीय नंबर के साथ जीतने के बाद साइबर अपराधी मालवेयर से जुड़े उद्देश्यों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। साइबर अपराधी विक्टिम के कॉल उठाए जाने के बाद किसी तरह से उनकी संवेदनशील और वित्तीय जानकारियों को पाने की कोशिश करते हैं। वे सरकारी अधिकारी, कानून प्रवर्तन अधिकारी या विक्टिम के परिवार का सदस्य बनकर पैसा या व्यक्तिगत डेटा निकलवाने की कोशिश करते हैं।

साइबर अपराधी विक्टिम को डराने के लिए कई बार उन पर किसी गैरकानूनी गतिविधी से जुड़े होने का इल्जाम लगाते हैं, जिसके बाद गिरफ्तारी के डर से विक्टिम, कॉलर को पैसे देने के दबाव में आ जाता है। फर्जी कॉल को लेकर सरकार का कहना है, इन फर्जी कॉल का इस्तेमाल फाइनेंशियल फ्रॉड, सरकारी अधिकारियों के रूप में दहशत फैलाने के लिए किया गया है। दूरसंचार विभाग/ट्राई अधिकारियों द्वारा मोबाइल नंबर बंद करने, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, कूरियर में ड्रग्स/नशीले पदार्थ मिलने, पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने, सेक्स रैकेट में गिरफ्तारी आदि की धमकी देने वाले साइबर अपराध के मामले भी सामने आए हैं।

नया सिस्टम इस तरह के फर्जी नंबरों की पहचान कर ब्लॉक कर देता है, इससे पहले कि साइबर अपराधी विक्टिम तक पहुंच सके। सरकार के अनुसार, नए सिस्टम ने पिछले 24 घंटों में लगभग 1.35 करोड़ कॉल को स्पूफ कॉल के रूप में पहचाना और ब्लॉक किया है, जो आने वाली सभी इंटरनेशनल कॉल का कुल 90त्न है। इस सिस्टम के साथ भारतीय दूरसंचार उपभोक्ताओं को +91-&&&&&&& नंबरों के साथ इस तरह की फर्जी कॉल में कमी देखने को मिलेगी।

राजस्थान के बहरोड़ में बस-ट्रॉली की भीषण टक्कर में तीन की मौत

बहरोड़ | आरएनएस

राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई, जिसमें एक चालक और दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 46 अन्य घायल हो गए।घटना बुधवार सुबह की है। अधिकारियों ने बताया कि 46 घायल बस यात्रियों में से 17 की हालत गंभीर है और उन्हें जयपुर के एक अस्पताल में रेफर किया गया है।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बस सवार अजमेर से दिल्ली राधास्वामी सत्संग में भाग लेने जा रहे थे, तभी कोटपूतली के कंवरपुरा स्टैंड पर सुबह करीब पांच बजे यह दुर्घटना हुई।

कोटपूतली थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया, राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक स्लीपर बस अजमेर से दिल्ली जा रही थी, तभी कंवरपुरा स्टैंड के पास आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी टक्कर हो गई। सभी घायलों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल सवारियों को जयपुर रेफर कर दिया गया।

हादसे की सूचना मिलने पर कलेक्टर, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने बताया कि ट्रॉली चालक दुर्घटना के तुरंत बाद भाग गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर दी है।

जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि बस में सवार सभी यात्री अजमेर के थे। सत्संग के लिए चार बसें एक साथ अजमेर से रवाना हुई थीं। इनमें से एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान अलवर निवासी माया, ब्यावर निवासी सुनीता साहू और जयपुर निवासी बस चालक विशाल शर्मा के रूप में हुई है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

प्रियंका गांधी ने वायनाड सीट से दाखिल किया नामांकन, राहुल और सोनिया रहे मौजूद

वायनाड | आरएनएस

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। वे पहली बार कोई चुनाव लड़ रही हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। इसी के मद्देनजर यहां से कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा है। उन्होंने बुधवार को अपने नामांकन पत्रों के तीन सेट दाखिल किए।

इस अवसर पर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटा भी मौजूद रहा। इसके अलावा उनकी मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी दिखीं। प्रियंका के नामांकन के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उम्मीदवार के साथ केवल पांच लोग ही नामांकन के समय मौजूद रह सकते हैं। इसी कारण थोड़ी देर बाद प्रियंका गांधी के पति और उनके बेटे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल चैंबर से बाहर आ गए। प्रियंका गांधी के नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके भाई और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। उन्होंने वायनाड की जिला कलेक्टर मेघश्री के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

प्रियंका ने नामांकन से पहले अपने भाई राहुल गांधी के साथ एक रोड शो किया और इसके बाद रैली को संबोधित किया, जिसमें कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। बता दें कि राहुल गांधी ने दो सीटों से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने रायबरेली की सीट को चुना और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। सीपीआई ने इस सीट से सत्यन मोकेरी को मैदान में उतारा है। वे साल 2014 के आम चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे थे। जबकि भाजपा ने यहां से नव्या हरिदास को टिकट दिया है। इससे पहले साल 2019 के आम चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड सीट से 4.60 लाख के अंतर से जीत हासिल की थी। वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में तीन जिले आते हैं, जिनमें वायनाड, मलप्पुरम और कोझीकोड शामिल है।

दिवाली से पहले किसानों के लिए खुशखबरी, केंद्र सरकार ने गैर बासमती चावल से हटाया निर्यात शुल्क

नई दिल्ली | आरएनएस

केंद्र सरकार ने एक बार फिर चावल निर्यात नीति में बदलाव किया है। सरकार ने गैर-बासमती चावल पर लगाया गया 10 प्रतिशत का निर्यात शुल्क पूरी तरह से हटा दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब देश के कुछ हिस्सों में चुनाव चल रहे हैं। सरकार का कहना है कि यह निर्णय सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद लिया गया है। चुनाव आयोग ने भी इस निर्णय को मंजूरी दे दी है, बशर्ते इसका कोई राजनीतिक फायदा न उठाया जाए।

यह एक महीने के भीतर चावल निर्यात शुल्क में दूसरी कटौती है। इससे पहले सितंबर में, सरकार ने गैर-बासमती उबले चावल, भूरे चावल और धान पर निर्यात शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया था। पिछले साल अल नीनो के कारण देश में कम बारिश हुई थी और धान की पैदावार प्रभावित हुई थी। इसीलिए सरकार ने चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाया था और जुलाई 2023 में सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध भी लगा दिया था।

हालांकि, इस साल चावल का उत्पादन पिछले साल की तुलना में अधिक होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, इस साल चावल का उत्पादन 137.83 मिलियन टन रहने का अनुमान है। भारत के चावल निर्यात प्रतिबंध के कारण वैश्विक बाजार में चावल की कीमतें बढ़ गई थीं और थाईलैंड, वियतनाम और पाकिस्तान जैसे देशों को फायदा हुआ था।

इस फैसले से किसानों को अपनी फसल के अच्छे दाम मिल सकेंगे। चावल निर्यात बढऩे से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। भारत के चावल निर्यात पर प्रतिबंध हटने से वैश्विक बाजार में चावल की कीमतें कम हो सकती हैं। आने वाले समय में चावल के निर्यात पर सरकार की नीति क्या होगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

सरकारी कर्मचारियों को सरकार का दीवाली गिफ्ट, बोनस मिलेगा और डीए भी बढ़ा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दीवाली से पहले राज्य सरकारें अपने-अपने राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिए विभिन्न घोषणाएं कर रही हैं। जैसे कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने सरकारी कर्मचारियों को दीवाली का तोहफा देते हुए बोनस देने के फैसले को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के समस्त पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वर्ष 2023-2024 के लिए बोनस प्रदान करने का सहर्ष निर्णय लिया है।

वहीं, हरियाणा सरकार ने 1 जुलाई, 2024 से हरियाणा सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को देय महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) को मूल वेतन के 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया है। आदेश के अनुसार, बढ़े हुए डीए और डीआर का भुगतान अक्टूबर के वेतन और पेंशन/पारिवारिक पेंशन के साथ किया जाएगा और जुलाई, 2024 से सितंबर, 2024 तक के एरियर का भुगतान दिसंबर, 2024 में किया जाएगा। डीए और डीआर के खाते पर 50 पैसे और उससे अधिक के अंश वाले भुगतान को अगले उच्च रुपये में पूर्णांकित किया जा सकता है और 50 पैसे से कम के अंशों को नजरअंदाज किया जा सकता है।